(c) and (d) The assistance under the above mentioned schemes would strengthen the export capabilities of SSI units and help them compete in international markets.

दूरदर्शन-धारावाहिकों को विस्तारण प्रदान करने में दिशा-निर्देशों का उल्लंघन

2345. **श्री नागमणि:**
श्री कनकसिंह मोहनसिंह मंगरोला:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दूरदर्शन पर दूरदर्शन-धारावाहिकों को विस्तारण प्रदान किया है;

(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान किन-किन धारावाहिकों को विस्तारण प्रदान किया गया है;

(ग) तत्संबंधी दिशा-निर्देशों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि इन दिशा-निर्देशों की उपेक्षा की गई है और नियमों के अनुसार कार्यवाही नहीं की गई है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी॰एम॰ इब्राहिम): (क) जी, हां।

(ख) डीडी-1 तथा डीडी-2 पर विगत तीन वर्षों के दौरान विस्तारण प्रदान किए गए टी॰वी॰ धारावाहिकों के नाम संलग्न विवरण में दिए गए हैं (नीचे देखिए)

(ग) दिशा-निर्देशों के अनुसार टी.वी. धारावाहिक को स्वीकृति प्रदान करते समय चयन समिति प्रकरणों की संख्या का विशेष रूप में उल्लेख करती है। सामान्यतया प्रकरणों की संख्या डीडी-1 के मामले में 13 तथा डीडी-2 के मामले में 26 से अधिक नहीं होती। महानिदेशक, दूरदर्शन द्वारा धारावाहिक की लोकप्रियता, इसकी विज्ञापन आय, निर्माण की गुणवत्ता तथा विषय अपेक्षाओं आदि को ध्यान में रखते हुए प्रकरणों की विनिर्दिष्ट संख्या से आगे विस्तारण प्रदान किया जाता है।

(घ) जी, नहीं।

विवरण

उन धारावाहिकों की सूची जिनको डी॰डी॰-1 और डी॰डी॰-2 पर विस्तारण प्रदान किया गया

डी॰डी॰-1

1. संसार
2. उजाले की ओर
3. तौबा मेरी तौबा
4. तहकीकात
5. नीम का पेड़
6. अकबर दि ग्रेट
7. अलिफ लैला
8. जमीन आसमान
9. चन्द्रकांता
10. शान्ति
11. जुनून
12. कानून
13. रिपोर्टर
14. सब का मालिक एक है
15. इम्तिहान
16. कजरी
17. बाप से बड़ा रुपैया
18. दास्ताने हातिम ताई
19. घुटन
20. वूमैन आफ इंडिया

डी.-2

1. सराब
2. जय हनुमान
3. पतझड़
4. परछाइयां
5. बाइबिल की कहानियां
6. साम्राज्य
7. सहारा
8. साहिल

Grant to Homoeopathy College of Orissa

2346. SHRI SANATAN BISI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether any grant was provided to the Homoeopathy College of Orissa for the year 1993-94 and 1994-95; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI SALEEM IQBAL SHERVANI): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.